न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (SDO) बाड़मेर

नाम पीठासीन अधिकारी :– श्री रोहित चौहान आर.ए.एस.

प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय मातासर

प्रार्थीगण	बनाम	विप्रार्थीगण
1 श्री नीम्बाराम पुत्र भगवानाराम जाति जाट निवासी डऊकियों की ढ़ाणी (भूरटिया) तहसील एवं जिला बाड़मेर		1 नानगाराम पुत्र भगवानाराम 2 खंगाराराम पुत्र चेनाराम 3 तेजाराम पुत्र चेनाराम 4 केशराराम पुत्र खेमाराम 5 पनाराम पुत्र खेमाराम 6 जैसाराम पुत्र लिखमाराम 7 गिरधारीराम पुत्र लिखमाराम 8 चेतनराम पुत्र बगताराम 9 पूनमाराम पुत्र पदमाराम 10 श्रीमती मांगी पत्नी लिखमाराम 11 श्रीमती सोनी पत्नी भूराराम जातियान जाट निवासीयान डऊकियों की ढ़ाणी (भूरटिया) तहसील एवं जिला बाड़मेर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 करने नेखमबन्दी बाबत्

राजस्व आवेदन संख्या–39/2012 दिनांक–19.10.2021

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा डऊकियों की ढ़ाणी पटवार क्षैत्र भूरटिया तहसील एवं जिला बाड़मेर के खसरा नम्बर 423/266 रकबा 45.08 बीघा, खसरा नंबर 427/189 रकबा 51.08 बीघा खसरा नंबर 425/280 रकबा 01.09 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस/पत्र सूचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढ़ी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मदेनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी (SDO)
बाड़मेर

क्रमांक/रीडर/2021/ 6079-6082 दिनांक 19/10/2021

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एव पालनार्थ प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथी अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी भूरटिया तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथी को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्रवाई पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी श्री नीम्बाराम पुत्र भगवानाराम जाति जाट निवासी डऊकियों की ढ़ाणी तहसील एवं जिला बाड़मेर
4. विप्रार्थीगण नानगाराम पुत्र भगवानाराम वगैराह जातियान जाट निवासीयान डऊकियों की ढ़ाणी तहसील व जिला बाड़मेर।

उपखण्ड अधिकारी (SDO)
बाड़मेर

C:\Users\Raj\Desktop\SDM BAEMER COURT DOCUMENT\251 A\order 251.docx